सेना में अग्निवीर बनने के लिए सर्द हवाओं व कड़ाके की ठंड में फिजिकल टेस्ट

बीकानेर,(कासं)। कड़ाके की सर्दी के बीच सेना में अग्निवीर बनने के लिए युवाओं को कठिन शारीरिक परीक्षा देनी होगी। सुबह-सवेरे दौड़ लगानी होगी। इसके अलावा आंख-कान के सही होने के प्रमाण देने होंगे।

सेना भर्ती के लिए बीकानेर में 1 से 9 फरवरी तक हजारों की संख्या में युवा पहुंचेंगे। इस दौरान युवाओं को सर्दी से बचाने के लिए बीकानेर नगर निगम न सिर्फ हीटर की व्यवस्था करेगा बल्कि ब्लोअर भी लगायेगा। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के स्टेडियम में 1 से 9 फरवरी तक सेना भर्ती रैली हो रही है।

इस भर्ती में बीकानेर और आसपास के दस जिलों के युवा शामिल होंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने बताया कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से भर्ती संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का मौका निरीक्षण करते हुए तैयारियों को समय पर पूर्ण करेंगे। सर्दी के मौसम को देखते हुए नगर निगम हीटर व ब्लोवर कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध करवाए। नगर निगम एवं यूआईटी को परीक्षा स्थल व ट्रैक की सफाई, मोबाइल टॉयलेट, फायर ब्रिगेड, पार्किंग व लाइट की व्यवस्था, आवश्यकता अनुसार टेबल व कुर्सियां, टैंट तथा जनरेटर सैट से संबंधित संपूर्ण व्यवस्थाएं करेंगे।

अग्निवीर भर्ती रैली स्थल पर जरूरी व्यवस्थाएं करने के संबंध में चर्चा करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव।

एडीएम ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टेडियम के बाहर और भीतर आवश्यक जाब्ता तैनात करने के साथ रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड, टेम्पो स्टैण्ड, धर्मशालाओं में भी सुरक्षा प्रबंध किए जायेंगे। भर्ती रैली स्थल के पास यातायात की पुख्ता व्यवस्था परिवहन, रोडवेज एवं यातायात विभाग द्वारा की जायेगी। परीक्षार्थियों के आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था तथा ऑटो रिक्शा होंगे।

पीडब्लयूडी और जिला खेल अधिकारी निर्धारित मापदंड के अनुसार रैली ट्रैक तैयार करेंगे व हाई जंप के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवायेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से स्टेडियम मैदान में अनुभवी व्याख्याता को शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों के सत्यापन करने के लिए नियुक्त किए जा रहे हैं। उरमूल डेयरी की ओर से भर्ती स्थल पर पीने के पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था की जायेगी। विद्युत विभाग रैली व अन्य स्थलों पर बिजली और पीडब्लयूडी सप्लाई लाइन का निरीक्षण करेंगे। इस संबंध में आयोजित बैठक में भर्ती रैली स्थल पर जरूरी व्यवस्थाएं करने के संबंध में चर्चा करते हुए समस्त अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में एआरओ झुंझुनूं

- **सर्दी के मौसम को देखते हुए नगर निगम हीटर व ब्लोवर रैली स्थल पर उपलब्ध करवायेगा**
- **1 से 9 फरवरी तक आयोजित होगी सेना भर्ती रैली**

के निदेशक कर्नल विकास सिरोही, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, जिला परिवहन अधिकारी भारती नैथानी, जिला खेल अधिकारी श्रवण भांभू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वहीं इंडियन एयर फोर्स ने अग्निवीर वायु भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 27 जनवरी है। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 12वीं में न्यूनतम 50 फीसदी अंक है।

अंग्रेजी में 50 फीसदी से अधिक अंक होने चाहिए। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17.5 वर्ष से कम और अधिकतम 21 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट प्रदान की गई है।

मंगला पशु रजिस्ट्रेशन 12 तक

बीकानेर, (कासं)। इस योजना का लाभ उठाने के लिए सभी किसानों को इसका रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी किसान योजना का लाभ उठा सकें और उन्हें सरकारी सहायता और सुविधाओं का सही तरीके से वितरण किया जा सके।

मंगला पशु योजना का रजिस्ट्रेशन अब आसान तरीके से ई-मित्र केंद्र पर किया जा सकता है। किसान ई-मित्र केंद्र पर जाकर इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करवाएं।

इसके लिए जन आधार कार्ड, खाता संख्या और आईएफएससी कोड, पशु के कान में लगे टैग का नंबर या उसका साफ सुथरा फोटो जिसमें टैग नंबर दिखते हो, किसान ओर पशु का सामूहिक फोटो, मोबाइल नंबर जो जन आधार में लिंक किया हुआ हो।

बीकानेर राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मंगला पशु योजना की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य किसानों को अपने पशुधन की सुरक्षा, पोषण और संपूर्ण कल्याण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिसर, बीकानेर डॉ. ओपी पड़िहार ने बताया कि सभी लखपति दीदी कार्ड धारक,गोपाल क्रेडिट कार्ड और जनाधार कार्ड धारकों से आव्हान किया कि अधिकाधिक पशु बीमा के लिए 12 जनवरी से पहले रजिस्ट्रेशन करवा लें। इसके बाद नहीं होंगे।

सार-समाचार

बाल अधिकार की जानकारी दी

जिला बाल श्रमिक तथा बंधक श्रमिक सतर्कता समिति की समीक्षा को एडीएम (नगर) रमेश देव ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला बाल श्रमिक तथा बंधक श्रमिक सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए संबंधित अधिकारियों को सक्रिय होकर समन्वय से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुनर्वास गृह में निवासरत बच्चों के आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुनर्वास गृह में आश्रित बच्चों के आवश्यक दस्तावेज तैयार कर, शिक्षा से वंचित बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि बाल देखभाल गृहों में रह रहे बालकों की अच्छी तरह से काउंसलिंग की जाए, जिससे कि बच्चों को कम से कम समय में उनके घर फिर से भेजा जा सके। एडीएम ने बालश्रम और भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए गठित समिति के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कहा कि बालश्रम की रोकथाम के लिए रोजगार प्रदाताओं से वचन पत्र भरवाए जाएं। साथ ही शहर के बाहरी क्षेत्रों में बाल श्रम रोकने हेतु निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन,पुलिस चौकी एवं मुख्य बाजारों में बाल श्रम निषेध के पोस्टर चस्पा करने सहित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को शहर के वांछित स्थानों पर नशाखोरी, बाल श्रम, बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान जारी रखने को कहा। बैठक में संयुक्त श्रम आयुक्त प्रदीप कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट जुगल किशोर व्यास, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मुरारी लाल मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

टी.बी. कैम्पेन पुस्तक का विमोचन

हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने सौ दिवसीय टी. बी. कैम्पेन पुस्तक का विमोचन किया।

हनुमानगढ़, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में सौ दिवसीय टीबी कैम्पेन के तहत आयोजित टीबी स्क्रीनिंग शिविर में अब तक किए गए कार्यों की रिपोर्ट को पुस्तक के रूप में संकलित किया गया। जिसका जिला कलेक्टर कानाराम ने आज विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा, टीबी कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश शेखावत, नई दिल्ली से डब्लयूएचओ के डॉ. मनोज कुमार एवं बीकानेर संभाग से डॉ. सुधांशु मोदी, अल्केश कुमार आदि उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर कानाराम ने पुस्तक का अवलोन किया तथा टीबी स्क्रीनिंग शिविर के बारे में अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए टीबी कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविरों की रोजाना मॉनिटरिंग कर वुलनरेबल पापुलेशन की अधिक से अधिक स्क्रीनिंग की जायेगी। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर के मरीज या दो साल से अधिक टीबी के मरीजों की एक्स्रे व अन्य जांचें की जाए। मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से आयोजित शिविरों में सक्रियता से कार्य करें ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंच पाए। शिविर से पूर्व कैम्प के बारे में क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करवाया जाए ताकि शिविर से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पहुंच पाए।

नए अध्यक्ष पारीक का स्वागत

नोखा, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष गंगाराम पारीक का नोखा के जोरावरपुरा में पार्षद जेठूसिंह राजपुरोहित के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद जेठू सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता को शहर मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। उसी के अंतर्गत शहर अध्यक्ष के पद पर एक आम कार्यकर्ता गंगाराम पारीक को शहर मंडल अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने अपने संविधान में किए गए वादों को निभाया है। स्वागत कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष गंगाराम पारीक ने कहा कि वह पार्टी के सभी ज्येष्ठ और श्रेष्ठ नेताओं को साथ लेकर नोखा में भाजपा को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे और प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए हरसंभव मदद के लिए तैयार मिलेंगे। इस अवसर पर बनवारी पारीक, शिव मांझू, पूनमचंद, शिव व्यास, नरेन्द्र चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक 13 को

बीकानेर, (कासं)। प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक 13 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार कालवा ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अल्पसंख्यक समुदाय के लिए संचालित योजनाओं के लक्ष्यों की प्रगति रिपोर्ट और अविलंब उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

बंदियों ने 20 मिनट में दिखाई जेल की जिंदगी

बीकानेर, (कासं)। जेल में बंदियों को काम और उसका मेहनताना देने के लिए नई इंडस्ट्री पनपा रहे हैं। इससे बंदी अपना समय काम में लगाने के साथ ही कमाई करने पर लगे हैं जिसकी राशि बाहर जाने पर उनके पुनर्वास में काम आयेगी।

बीकानेर आए जेल एडीजी रूपिन्दर सिंघ ने रविन्द्र रंगमंच में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जेल इंडस्ट्री को अपग्रेड कर रहे हैं। नई इंडस्ट्री में नए प्रोडक्ट तैयार किए जाने लगे हैं जिनमें साबुन, फिनाइल आदि शामिल है। अब हैंडलूम की बजाय पॉवरलूम पर काम किया जाने लगा है। बीकानेर जेल में आर्ट एंड क्राफ्ट का अच्छा काम हो रहा है। कालीन बनाने का काम फिर से शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। पआरएसी के जवानों को तैनात किए जाने से बेहतर परिणाम सामने आए हैं। इससे जेल प्रशासन पर काम का दबाव कम हुआ है।

प्रदेश की जेलों में स्टाफ की समस्या रहती है। इसे दूर करने के लिए 803 प्रहरी और 70 डिप्टी जेलर की भर्ती की जा रही है। एडीजी ने कहा कि देशभर में खुला बंदी शिविर में राजस्थान पहले नंबर पर है। जल्दी ही इनकी संख्या में और बढ़ोतरी होगी। जेल में बंदियों के पास मोबाइल, जेल में जैमर, हार्डकोर अपराधियों का गिरोह बनाकर काम करना, उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चैलेंज बढ़ रहे हैं। वैसे-वैसे जेल महकमा भी अपनी क्षमता, साधन-संसाधन बढ़ा रहा है। इससे पहले गृह विभाग की संयुक्त सचिव पूजा पार्थ और एडीजी ने बीकानेर केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण किया। बंदियों और जेल स्टॉफ से बातचीत की। जेल के खुला शिविर बंदियों ने आर्केस्ट्रा और ब्रास बैंड की स्वर लहरियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- **बीकानेर जेल में आर्ट एंड क्राफ्ट का अच्छा काम हो रहा है। कालीन बनाने का काम फिर से शुरू करने पर विचार किया जा रहा है**

मेरे देश की धरती.. रंग शरबतों का... चलते-चलते मेरे ये ...' जैसे गीतों और उन पर वाद्य यंत्रों की धुनों ने दर्शकों का मन मोह लिया। ब्रासबैंड और आर्केस्ट्रा ने संयुक्त रूप से राजस्थानी गीत पेश किए। केन्द्रीय कारागृह की ओर से बंदियों के इस मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को 'आशाएं' नाम दिया गया।

कार्यकम में मुख्य अतिथि रूपिन्दर सिंघ और विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव गृह पूजा पार्थ थीं। दोनों अतिथियों के साथ ही बीकानेर रेंज के आई ओमप्रकाश ने भी अपने विचार रखे और बंदियों की कला को सराहा। जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया। प्रस्तुति देने वाले बंदी पुरस्कार दिया गया और कार्यक्रम के सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान बीडीए सचिव अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद सीईओ सोहनलाल, एसपी कावेन्द्र सिंह सागर, बीएसएफ डीआईजी अजय लूथरा मौजूद थे।

साइबर अपराध की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रभात फैरी निकली गई और उदासर के राम मंदिर में स्वच्छता एवं श्रमदान किया गया।

बुधवार के कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप साइबर अपराध नियंत्रण पुलिस थाना की एसआई संजू रानी बिश्नोई थी। उन्होंने साइबर सिक्योरिटी से संबंधित जानकारी दी व जन जागरूकता की अपील की। साइबर सिक्योरिटी पुलिस विभाग के प्रोग्रामर शिवकुमार शर्मा ने संचार साथी पोर्टल के बारे में बताया व साइबर ठगी के शिकार हुए लोगों की कहानियों के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बचने के लिए तीन प्रकार के नियम बताए गए हैं। इनमें थोड़ा रूकें, फिर सोचें और फिर निर्णय लेवें प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ऐप पर पार्ट टाइम जॉब के झांसे में न आएं। अपने मोबाइल फोन में एंटी वायरस इंस्टॉल करके रखें। अपने ईमेल या अन्य सोशल मीडिया ऐप के पासवर्ड मजबूत रखें।

'गिव अप' अभियान में 6 हजार ने नाम हटवाए

बीकानेर, (कासं)। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र परिवारों का स्वेच्छा से नाम हटाने के लिए चलाए जा रहे गिव अप अभियान के तहत जिले में अब तक लगभग 6 हजार लोगों ने स्वेच्छा से लाभ परित्याग किया है।

जिला रसद अधिकारी-द्वितीय भागूराम महला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आमजन में जागरूकता बढ़ने से योजना से जुड़े सक्षम व्यक्ति अपना नाम हटाने के लिए आगे आ रहे हैं। अभियान की महत्ता समझते हुए अपात्र परिवारों ने अपना आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करवा रहे हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस 'गिव अप अभियान' के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की सूची में शामिल लाभार्थी स्वेच्छा से अपना नाम हटवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 31 जनवरी 2025 के पश्चात स्वेच्छा से नाम ना हटाने वाले अपात्र लाभार्थियों के विरुद्ध अभियान चलाया जायेगा।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की सूची में शामिल ऐसे सक्षम लाभाथिर्यों को

- **31 जनवरी तक स्वेच्छा से हटाए नाम वरना अपात्र लाभार्थियों के विरुद्ध चलेगा अभियान**

चेतावनी दी गई हैं। ऐसे अपात्र परिवारों को 31 जनवरी 2025 तक स्वेच्छा से नाम हटवाने का मौका दिया जा रहा है। उसके बाद अपात्र लोगों के विरूद्ध राशि वसूली एवं विधिक कार्रवाई की जायेगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का असल उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा कवच प्रदान करना है।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि सक्षम परिवारों को नाम हटवाने के लिए 31 जनवरी तक निकटतम उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से प्रार्थना पत्र मय राशनकार्ड एवं आधार कार्ड के जिला रसद अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने का पुनः अनुरोध किया जा रहा है।

धूप से मिली राहत, शीतलहर से गलन

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के अधिकांश हिस्सों में कोहरे का असर कम रहा। सुबह करीब 8 बजे से ही सूरज नजर आने लगा। धूप निकलने से दिन में सर्दी से राहत मिलने की संभावना नजर आ रही है। हालांकि सुबह धूप का सर्दी पर बड़ा असर नहीं दिखाई दिया।

हवा चलते रहने से सर्दी तेज रही और लोग कंपकंपाते हुए सड़कों पर निकले। धूप निकलने से सड़कों पर लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत ज्यादा रही। सुबह 9 बजे के आसपास शहर की सब्जी मंडी और मुख्य बाजार में भी लोगों की गतिविधियां नजर आने लगी। सुबह की ट्रेनों और बसों में भी सवारियों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक रही।

आमतौर पर कोहरे के चलते सुबह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। इक्का दुक्का लोग ही नजर आते हैं लेकिन बुधवार को सुबह 8 बजे तक सड़कों पर लोग नजर आने लगे। इससे पहले भी मौसम साफ रहा था। धूप नकलने से अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, वहीं न्यूनतम तापमान अब भी 7.8 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। मौसम एक्सपर्ट बताते हैं कि अगले 24 घंटे में तापमान एक से डेढ़ डिग्री तक बढ़ सकता है।

आंगनबाड़ी बच्चों का अवकाश

हनुमानगढ़, (कासं)। वर्तमान में प्रदेश में शीतलहर के प्रकोप के मद्देनजर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए 11 जनवरी, तक अवकाश घोषित किया गया है।

जिला कलेक्टर कानाराम ने बताया कि यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। समस्त मानदेयकर्मी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्धारित समय में नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे और अन्य आवश्यक कार्य यथावत संपादित करेंगे। अवकाश अवधि के दौरान बच्चों को देय पूरक पोषाहार टेक होम राशन के रूप में वितरित किया जायेगा। इसके साथ ही, पोषण ट्रेकर पर दैनिक एंट्री सुनिश्चित की जायेगी।

मांगों को लेकर रेल कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

बीकानेर, (कासं)। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलायज यूनियन के आव्हान पर मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय बीकानेर के मुखय द्वार पर रेल कर्मचारियों की विभिन्न बकाया मांगों के लिए एवं मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

विजय श्रीमाली जोनल उपाध्यक्ष एव ब्रजेश ओझा जोनल उपाध्यक्ष ने अपने संयुक्त उद्बोधन में कहा कि केंद्र सरकार जल्द आठवें वेतन आयोग का शीघ्र गठन करें जिससे विभिन्न कैटेगरी को समय पर बेतरीन स्केल के साथ भत्तों में यथोचित वद्धि हो सके।

- **आठवें वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगें**

ट्रैकमेन्टर के लिए कैरियन उन्नयन के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा 29 नवम्बर 2024 को गठित कमेटी पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही की जाए। इंटेक कोटे के शीघ्र क्रियान्वयन हो, लेवल 6, पैट्रोलिंग, चाबी वाले से संबंधित मुद्दों पर शीघ्र ही कार्यवाही हो और सकारात्मक निर्णय हो।

यूपीएस के अंतर्गत आवश्यक सुधार जल्द करके ओपीएस के समान सभी लाभ प्रदान किया जाये। कैरिज एवं वैगन विभाग एवं विद्युत कोचिंग विभाग को मर्ज करने से कर्मचारियों मे भारी रोष है। प्रदर्शन मे ये मांग की गई इसे तुरंत पहले की भांति किया जाये। कोविड के दौरान कर्मचारियों के रोके हुए डीए का तुरंत भुकतान किया जाए।

रनिंग स्टाफ के महंगाई भत्ता 50 फीसदी हो जाने के उपरांत किलोमीटर भत्तों में अन्य भत्तों के समान वद्धि संबधी आदेश को शीघ्र जारी किया जाए। कॉम. गणेश वशिष्ठ एवं अंसार अहमद ने कहा एक तरह रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर करें।

सीमावर्ती क्षेत्रों में नशे की तस्करी रोकने के लिए समन्वय से कार्य करें एजेंसियां : मंजू

श्रीगंगानगर, (कासं)। नार्को कोर्डिनेशन सेंटर तंत्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ-साथ जिले में नशा मुक्ति के लिये समुचित रूप से प्रभावी कार्यवाही करने और नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान में आमजन की सहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये।

आरम्भ में जिला कलेक्टर द्वारा गत बैठक में दिये गये निर्देशों की पालना कार्यवाही की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या को दूर करने के लिये जन जागरूकता के साथ-साथ समस्त विभागों की सहभागिता आवश्यक है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से की गई कार्यवाही और गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्ति के लिये विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम जारी हैं। साइकाइट्रिक

गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने नार्को कोर्डिनेशन सेंटर तंत्र की बैठक को संबोधित किया।

क्लीनिक और डी-एडिक्शन सेंटर में सीसीटीवी कैमरे, काउंसलर, स्टाफ आदि की नियमित रूप से जांच कर इनमें उपलब्ध सुविधाओं, दवाओं के रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया जा रहा है। नशा छोड़ने के लिये आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ नशा छोड़ने वालों का नियमित रूप से फॉलोअप किया जा रहा है।

राजकीय जिला चिकित्सालय के नशा मुक्ति वार्ड के माध्यम से नशा छोड़ने के लिये आने वाले रोगियों को समुचित उपचार सुविधा दी जा रही है। इसके बाद उनका भी फॉलोअप कर उन्हें नशा मुक्त रहने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। सीमावर्ती गांवों में पर्याप्त निगरानी रखने और मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर चर्चा के दौरान जिला कलेक्टर द्वारा आवश्यक कार्यवाही के लिये जिला परिषद को निर्देश दिए।

मेडिकल स्टोर्स संचालन की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने औषधि नियंत्रक विभाग को निर्देश दिये कि अनियमितता पाने पर मेडिकल स्टोर्स के लाईसेंस निरस्त किये जाते हैं। उनके द्वारा पुनः संचालन के लिये आवेदन करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। साथ ही मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित घटक दवाओं की

- **नार्को कोर्डिनेशन सेंटर तंत्र की बैठक में कलक्टर ने ये निर्देश दिए**

बिक्री न हो, इसके लिये विभाग द्वारा नियमित रूप से औचक कार्यवाही की जाये।

बैठक में जिला कलक्टर एवं डीआईजी पुलिस गौरव यादव ने सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिये अब तक हुई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त एजेंसियां आपसी तालमेल से तस्करी पर रोक लगायें। सीमा पार से आने वाले नशीले पदार्थों और इनमें संलिप्त अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। नशीली दवाओं का निर्माण करने वाली कम्पनियों की भी जांच कार्यवाही की जाये ताकि इनकी बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई जा सके।

सड़क दुर्घटना के समय तुरंत देने वाले उपचार की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 के अन्तर्गत जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, बीकानेर द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, थर्ड आरएसी बटालियन एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा से संबंधित बेसिक लाइफ सपोर्टिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन थर्ड आरएसी परिसर में किया गया। कार्यक्रम में पीबीएम हास्पिटल, ट्रोमा सेंटर के इंचार्ज डॉक्टर एल के कपिल एवं सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मेवा सिंह द्वारा सड़क दुर्घटना के समय तुरंत देने वाले विभिन्न उपचारों जैसे बीएलएस, सीपीआर, गुड सेमेरिटन के कर्तव्य एवं अधिकार, आयुष्मान भारत योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कैलाश दान सांधू द्वारा आमजन एवं जवानों को



डॉ. एल. के. कपिल ने सड़क दुर्घटना के समय तुरंत देने वाले उपचार की जानकारी दी।

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की पालना के लिए प्रोत्साहित किया गया। थर्ड आरएसी बटालियन कमाण्डेंट सीमा हिंगोनिया द्वारा जवानों को चिकित्सकों द्वारा दिए गए बेसिक लाइफ सपोर्टिंग से संबंधित निर्देशों को आगे बढ़कर पालना करने के लिए कहा गया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले आरसी जवानों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही थर्ड आरएसी बटालियन कमाण्डेंट सीमा हिंगोनिया मौजूद थी।